दिनांक 19.05.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# सुशासन समाधान शिविर में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार किट एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किया गया

**भिलाईनगर।** समाधान शिविर राम जानकी मंदिर वार्ड क्रमांक 30 में आयोजित किया गया, जिसमें वार्ड के नागरिक उपस्थित हुए। नागरिकों ने पूर्व में सुशासन समाधान शिविर में आवेदन किए थे। उस आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी के लिए अच्छा उत्साह था। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर 8 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, 12 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किट एवं 22 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरण किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई कि साफ–सफाई कैसे रखे, स्वास्थ्य के अनुसार कब–कब क्या–क्या भोजन करना चाहिए। भोजन करते समय क्या–क्या सावधानियां रखनी चाहिए। उम्र के अनुसार दिनचर्या के बारे में आदि जानकारी दी गई। शिविर के दौरान मांग एवं शिकायत से संबंधित 145 आवेदनों का निराकरण करने जोन आयुक्त सतीश यादव ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए हैं कि प्राप्त आवेदन को वर्गीकृत करके सभी विभाग शीघ्रता से निपटान करेगें। आगामी सुशासन तिहार 2025 शिविर दिनांक 23.05.2025 दिन शुक्रवार को जोन 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 37 शीतला मंदिर डोम शेड में रखा गया है। इसमें सम्मिलित वार्ड 35 शारदा पारा, वाडर्द्य 36 श्याम नगर, वार्ड 37 संत रविदास नगर, वार्ड 52 सेक्टर 03, वार्ड 53 सेक्टर 01 उत्तर, वार्ड 54 सेक्टर 01 दक्षिण, वार्ड 55 सेक्टर 02 पूर्व, वार्ड 56 सेक्टर 02 पश्चिम। दिनांक 26.05.2025 दिन मंगलवार को वार्ड क्रं. 42 डोम शेड पोस्ट आफिस ग्राउण्ड में शिविर आयोजित है। इसमें सम्मिलित वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर, वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर, वार्ड 41 इण्डस्ट्रीयल एरिया छावनी, वार्ड 42 गौतम नगर, वार्ड 43 बापू नगर, वार्ड 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में रखा गया है। जहां वार्ड के नागरिक शिविर स्थल पर निर्धारित समय सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे के अंदर जाकर अपने समस्या की पुरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर में जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड पार्षद महेश वर्मा, संतोष मोर्या, सत्या देवी जयसवाल, भोला साहू, पीयूष मिश्रा, धर्मेंद्र, लक्ष्मी दिवाकर, शैलजा राजू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, रमेश चौधरी, राजकुमार जायसवाल, रामानुज प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

